(1) ''भवन'' का तात्पर्य किसी मकान, उपगृह, अस्तवज, झादक (शेड) झोंपड़ी या अन्य बाड़ा या ढ़ाचे से है, चाहें वह पक्की ईंट लकड़ी मिट्टी, धातु या चाहें किसी भी अन्य पदार्थ से बना हो, चाहें उसका उपयोग मनुष्यों के रहने के लिये अथवा अन्यथा किया गया हो, और उसके अर्न्तगत् कोई बरामदा चबूतरा मकान की कुर्सी, देहली, दीवार जिसमें किसी उद्यान या कृषि भूमि जो किसी भवन से अनुलग्न ना हो की चारदीवारी से भिन्न किसी अहाते की दीवार सम्मिलित है, किन्तु इसके अर्न्तगत् कोई तम्बू या अन्य कोई ऐसी परिवहनीय अस्थाई आश्रय स्थल नहीं है ।

(2) ''अधिनियम'' से तात्पर्य नगरपालिका अधिनियम, 1916 से है।

(3) ''उपविधि'' का तात्पर्य अधिनियम के द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करके बनाई गई उपविधि से है।

(4) ''नक्शा नवीस/मानचित्रकार''का अभिप्राय नगर पंचायत भोजपुर धर्मपुर के अनुज्ञा/लाईसेन्स प्राप्त मानचित्रकार/नक्शानवीस से है।

(5) ''व्यवसायिक निर्माण'' से तात्पर्य उस निर्माण से है, जो कि व्यापार, उद्योग आदि के कार्य के लिए निर्मित किया गया हो, जिनमें दुकानें, व्यापारिक गोदाम, बैंक, सिनेमा, थियेटर, स्केटिंग हॉल, बारात घर, नर्सिंग होम, व्यवसायिक कॉम्पलेक्स, क्लब एवं शोरूम आदि हैं।

(6) औद्योगिक निर्माण, से तात्पर्य ऐसे निर्माण से है जो कि किसी वस्तु, उपकरण आदि के निर्माण एवं एसेम्बिल के लिए किया गया हो परन्तु इसमें हलवाई, रेस्टोरेन्ट आदि शामिल नही है।

(7) ''जन उपयोगी सेवा के निर्माण'' से तात्पर्य ऐसे निर्माण जो कि जन कल्याण हेतु किये जायें से है, जिसमें धार्मिक स्थल, धर्मशाला, वृद्धाश्रम, विधवाश्रम, अनाथालय व गरीबी रेखा से नीचे यापन करने वाले व्यक्तियों के लिये निर्मित आवास से है।

(8) ''शासकीय सम्पत्ति'' से तात्पर्य उस सम्पत्ति से है, जिसका निर्माण उत्तर प्रदेश शासन अथवा केन्द्र सरकार के द्वारा अपने धन से नगरपंचायत भोजपुर धर्मपुर की सीमा में किया गया हो, जिसमें अस्पताल थाना व अन्य सरकारी विभागों के कार्यालय के भवन से है। परन्तु केन्द्र सरकार अथवा राज्य सरकार के उपक्रमों की सम्पत्ति शामिल नही है।

(9) ''निवास गृह'' से तात्पर्य ऐसे भवनों से है, जिसका उपयोग तीर्थ यात्रियों के ठहरने के लिये अथवा यात्रियों के आवास के लिये निर्मित हो से है।

(10) ''अधिसूचना'' से तात्पर्य सरकारी गजट में प्रकाशित अधिसूचना से है।

(11) ''विहित अधिकारी'' का तात्पर्य ऐसे अधिकारी से है, जिसे राज्य सरकार ने सरकारी गजट में अधिसूचना के द्वारा नियुक्त किया हो।''

(12) ''नगर पंचायत का अधिकारी'' से तात्पर्य नगर पंचायत, भोजपुर धर्मपुर के चेयरपर्सन एवं अधिशासी अधिकारी अथवा प्रभारी अधिकारी से है।''

स्पष्टीकरण–ऐसे शब्दों और पदों को जो इस उपविधि में परिभाषित नहीं हैं किन्तु अधिनियम में प्रयुक्त है, वही अर्थ होंगे जो नगरपालिका अधिनियम, 1916 में उनके लिये दिये गये हैं।

3–विभिन्न भवनों के निर्माण के लिये नक्शा/मानचित्र स्वीकृत करने के लिये शुल्क निम्न प्रकार देय होगा–

(1) आवासीय भवन दशा में–आवसीय भवन के निर्माण के मानचित्र की स्वीकृति हेतू प्रत्येक मन्जिल के आच्छादित क्षेत्रफल पर शुल्क निम्न प्रकार देय होगा –

क्र० स०	कृत्य	धनराशि प्रतिदिन
1	2	3
		रु0
(क)	50 वर्गमीटर तक	2,000/–
(ख)	50 से अधिक और 100 वर्गमीटर तक	4,000/–
(ग)	100 से अधिक और 150 वर्गमीटर तक	6,000/–
(ड)	150 से अधिक और 200 वर्गमीटर तक	8,000/–
(च)	200 से अधिक और 300 वर्गमीटर तक	10,000/–
(छ)	300 वर्गमीटर तक से अधिक अतिरिक्त प्रत्येक 50 वर्गमीटर या उसके भाग के लिये	1,000/–

(2) व्यवसायिक भवन की दशा में–व्यवसायिक भवन निर्माण दुकानों, व्यापारिक, गोदाम, बैंक, सिनेमा, थियेटर, स्केटिंग हॉल, बारात घर, नर्सिंग होम, व्यवसायिक कॉम्पलेक्स, क्लब एवं शोरूम आदि उपरोक्त प्रकार के भवन) के मानचित्र की स्वीकृति हेतु प्रत्येक मन्जिल के आच्छादित क्षेत्रफल पर शुल्क निम्न प्रकार देय होगा –

	रु0
(क) 20 वर्गमीटर तक	4,000/–
(ख) 20 वर्गमीटर से अधिक और 50 वर्गमीटर तक	7,000/–
(ग) प्रत्येक अतिरिक्त 10 वर्गमीटर या उसके भाग तक	1,500/–

स्पष्टीकरण –संयुक्त आवासीय तथा व्यवसायिक भवन को व्यवसायिक भवन माना जायेगा।

(3) औद्योगिक भवन की दशा में– आद्योगिक भवन के निर्माण के मानचित्र की स्वीकृति हेतु प्रत्येक मन्जिल के आच्छादित क्षेत्रफल पर शुल्क निम्न प्रकार देय होगा –

	रु0
(क) 150 वर्गमीटर के लिये	8,000/–
(ख) प्रत्येक अतिरिक्त 100 वर्गमीटर या उसके भाग के लिए	2,000/–

(4) निजी शैक्षिक, तथा उपयोग के भवन की दशा में–निजी शैक्षिक, उपयोग के भवन के मानचित्र की स्वीकृति हेतु प्रत्येक मन्जिल के आच्छादित क्षेत्रफल पर शुल्क निम्न प्रकार देय होगा –

	रु0
(क) 100 वर्गमीटर के लिये	2,000/–
(ख) प्रत्येक अतिरिक्त 50 वर्गमीटर अथवा उसके भाग के लिए	500/–

(5) केवल किसी चाहरदीवारी की दशा में–

प्रत्येक प्रकार की किसी भी चाहरदीवार (Boundary Wall) के मानचित्र की

स्वीकृति हेतु शुल्क निम्न प्रकार देय होगा–

	रु0
(क) प्रथम 100 वर्ग मीटर के लिए	1,000/–
(ख) प्रत्येक अतिरिक्त 50 वर्ग मीटर या उसके भाग के लिये	200/–

4–परन्तु अग्रेतर यह है, कि किसी भी प्रकार के भवन निर्माण के मानचित्र की स्वीकृति निम्नवर्णित शतों के साथ दी जायेगी –

(1) भू-तल सहित तीन मंजिला अथवा 12 मीटर से अधिक ऊंचाई के समस्त भवन/मंजिल, तल अथवा बहुमंजिला भवन भूकम्परोधी तथा शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुरूप निर्मित किया जायेगा। (शासनादेश संख्या–1410/9–2–2001–7(12)/01 न0वि0अनु0–2, दिनांक 30 अगस्त, 2001 के अनुसार),

(2) प्रत्येक प्रकार के भवन में एक या अधिक (आवश्यकतानुसार) शौचालय होना आवश्यक है।

(3) 300 वर्गमीटर या उससे अधिक क्षेत्रफल के भू-खण्ड वाले भवन के लिये जल संचयिन (Water Harvesting) प्रणाली का होना अनिवार्य होगा,

(4) वह व्यक्ति जिसके स्वामित्व/प्रबन्ध या नियन्त्रण में कोई बाजार, स्कूल, थियेटर, सिनेमा, सार्वजनिक अभिगम आदि या औद्योगिक भवन (फैक्ट्री आदि) हो, उनमें उ0प्र0 नगरपालिका अधिनियम, 1916(2) की धारा 268 के अन्तर्गत पर्याप्त शौचालयों और मूत्रालयों की उचित व्यवस्था और दैनिक सफाई सुनिश्चित करायेगा,

(5) ऐसे समस्त भवनों जिनके लिए अग्निशमन (Fire Brigade) विभाग द्वारा निर्गत अनापत्ति प्रमाण-पत्र अपेक्षित हो उनके निर्माण की स्वीकृति से पूर्व अग्निशमन का अनापत्ति प्रमाण-पत्र आवश्यक होगा,

(6) पूर्व से निर्मित/स्थापित धार्मिक भवन उदाहरणार्थ मन्दिर, मस्जिद, गुरूद्वारा एवं गिरजाघर आदि से 200 मीटर अर्द्धव्यास क्षेत्र में किसी नये धार्मिक भवन का निर्माण नहीं किया जायेगा, परन्तु उपरोक्त दूरी के सापेक्ष यदि शासन द्वारा कोई दूरी निर्धारित की जाती है, तो वह मान्य होगी,

(7) उपरोक्त धार्मिक भवन निर्माण की स्वीकृति से पूर्व शासन/प्रशासन की अनुमति अनिवार्य होगी ।

5–प्लान (मानचित्र) की स्वीकृति के लिये प्रक्रिया–

(1) भवन के निर्माण, पुर्ननिर्माण या परिवर्धन/परिवर्तन आदि सम्बन्धित समस्त प्लान (मानचित्र) (तीन प्रतियों में) प्रार्थना-पत्र सहित अधिशासी अधिकारी अथवा नगर पंचायत को प्रस्तुत किये जायेंगे, जिसके साथ स्वामित्व के कागजात एवं समस्त विशिष्टीयों का शपथ-पत्र (नोटेरी प्रमाणित) भी दिया जायेगा ।

(2) मानचित्र की स्वीकृति से पूर्व सम्बन्धित सभासद व निर्माण लिपिक एवं सम्बन्धित लेखपाल (यदि आवश्यक हो) की आख्या प्राप्त की जायेगी, तत्पश्चात् मानचित्र को अधिशासी अधिकारी अथवा अध्यक्ष के द्वारा नगरपंचायत स्वास्थ्य अधिकारी और नगर पंचायत के अवर अभियन्ता के पास उनके विभाग से सम्बन्धित विषयों पर जांच कर मत देने हेतु भेजा जायेंगा

(3) यदि किसी मानचित्र स्वीकृत कराने वाले व्यक्ति के द्वारा प्रस्तुत स्वामित्व के अभिलेख में कोई संशय अध्यक्ष अथवा अधिशासी अधिकारी को प्रतीत होता है तब उसके लिये नगर पंचायत अधिवक्ता अथवा जिला शासकीय अधिवक्ता से विधिक राय भी प्राप्त की जा सकेगी जिसका व्यय मानचित्र स्वीकृत कराने वाले व्यक्ति को नगर पंचायत कार्यालय में जमा करना होगा।

(4) नगर पंचायत के द्वारा प्लान (मानचित्र) की स्वीकृति केवल तभी प्रदान की जायेगी–

(क) जब नगर पंचायत के अवर अभियन्ता द्वारा जाचोंपरान्त मत सहित अनापत्ति प्रमाण-पत्र दे दिया गया हो,

(ख) भूमि के स्वत्व (Title of Land) की पुष्टि हो गई हो,

(ग) यदि मामले में नगर पंचायत अधिवक्ता अथवा जिला शासकीय अधिवक्ता से विधिक राय प्राप्त की गई हो और राय प्रतिकूल ना हो,

(घ) नगर पंचायत को इस बात से समाधान हो गया हो कि प्रार्थी/स्वामी ने विहित विशिष्टियों के अनुसार भवन निर्माण किये जाने के लिये पर्याप्त गारण्टी दे दी है।

(4) मानचित्र स्वीकृत किये जाने का आदेश अधिशासी अधिकारी की संस्तुती से नगर पंचायत चेयरर्सन/प्रभारी अधिकारी के द्वारा इन शर्तों के साथ पारित किया जायेगा कि यदि भवन स्वामी के द्वारा प्रचलित किसी भी नियम/उपनियम का उल्लघंन किया जाता है अथवा सम्बन्धित भूमि में सरकारी/नगर पंचायत की भूमि शामिल होती है तब ऐसी स्थिति में मानचित्र स्वतः निरस्त माना जायेगा। मानचित्र पर मानचित्र स्वीकृत करने वाले अधिकारी के रूप में अधिशासी अधिकारी एवं चेयरपर्सन/प्रभारी अधिकारी (जैसी भी स्थिति हो)के हस्ताक्षर होगें जिसकी एक प्रति नगर पंचायत कार्यालय में मूल आदेश के साथ सुरक्षित रखी जायेगी तथा मानचित्र की दो प्रतियॉ एंव मानचित्र स्वीकृत करने का पत्र जो कि अधिशासी अधिकारी के द्वारा अपने हस्ताक्षरों से जारी किया जायेगा भवन स्वामी को दिया जायेगा ।

6–नगर पंचायत की सीमा में किसी भी आवासीय/व्यवसायिक कॉलोनी का निर्माण बिना नगर पंचायत की स्वीकृति के नहीं होगा तथा प्रत्येक कॉलोनी के मानचित्र की स्वीकृति के लिये कुल भूमि का रु0 50/– प्रतिवर्गमीटर की दर से शुल्क बाहय विकास शुल्क के रूप में देय होगा तथा उक्त कॉलोनी के निर्माण की स्वीकृति निम्नलिखित शर्तो के अधीन होगी –

(1) कॉलोनी की सड़कें कम से कम 7.5 मीटर चौड़ी होंगी तथा उक्त सड़क की लम्बाई 100 मीटर से अधिक नहीं होगी, यदि 100 मीटर से अधिक कॉलोनी की सड़क की लम्बाई होती है तब सड़क की चौड़ाई कम से कम 9 मीटर चौड़ी होगी, तथा मुख्य सड़क से एप्रोच रोड कम से कम 12 मीटर होगी तथा यथासम्भव सड़कें समकोण पर मिलाई जायेगी.

(2) कॉलोनी में नाली, पानी की निकासी आदि की व्यवस्था कॉलोनी स्वीकृत करवाने वाले व्यक्ति/फर्म/कम्पनी को ही करनी होगी,

(3) कॉलोनी की सड़के पक्की करने की जिम्मेदारी भी कॉलोनी स्वीकृत करवाने वाले व्यक्ति/फर्म/कम्पनी को होगी,

(4) कॉलोनी में पेड़ों आदि की व्यवस्था भी कॉलोनी स्वीकृत करवाने वाले व्यक्ति/फर्म/कम्पनी को करनी होगी,

(5) कॉलोनी में 15 प्रतिशत भूमि पर पार्क आदि का निर्माण करना होगा, यथासम्भव सड़के समकोण पर मिलाई जायेंगी,

(6) कॉलोनी में जलापूर्ति के लिये पाईप लाईन व बिजली की व्यवस्था भी कॉलोनी स्वीकृत करवाने वाले व्यक्ति/फर्म/कम्पनी को ही करनी होगी ।

(7) कॉलोनी स्वीकृत करवाने वाले व्यक्ति/फर्म/कम्पनी को ही को कॉलोनी का पूर्ण निर्माण करने के पश्चात् पूर्णता प्रमाण-पत्र नगर पंचायत से प्राप्त करना होगा तथा उसके पश्चात् उक्त कॉलोनी नगर पंचायत प्रबन्धन में हो जायेगी तथा उसके पश्चात् कॉलोनी से गृहकर/जलकर प्राप्त करने का अधिकार नगर पंचायत को होगा, तथा उसके पश्चात् कॉलेानी में सुविधाओं के रख-रखाव की जिम्मेदारी नगर पंचायत की होगी।

(8) अगर व्यक्ति/फर्म/कम्पनी अपने द्वारा निर्मित कॉलोनी के रख-रखाव की जिम्मेदारी स्वयं करना चाहती है अथवा आर0डब्लू0ए0 बनाकर करना चाहती है तब उसके लिये उसे नगर पंचायत से अनापत्ति प्रमाण-पत्र लेना होगा और नगर पंचायत की कोई जिम्मेदारी कॉलोनी के अन्दर किसी प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराने अथवा निर्माण कराने की नही होगी। परन्तु नगर पंचायत इस उपविधि के अनुसार लगाये जाने वाले गृहकर/जलकर को लगाने की अधिकारी होगी जिसकी दर इस सम्बन्ध में निर्मित उपविधि के अनुसार लगाये जाने वाले गृहकर/जलकर का आधा होगी।

(9) जहॉ पर निर्माण सम्बन्धित नियम स्पष्ट नहीं हैं, वहॉ पर नेशनल बिल्डिंग कोड (एन.बी.सी.) के प्रावधान लागू होगें ।

(10) कॉलोनी में आवासीय/व्यवसायिक भू-खण्ड को क्रय करने वाले व्यक्ति को अपने द्वारा किये जाने वाले निर्माण का मानचित्र नगर पंचायत से नियमानुसार स्वीकृत करवाना होगा जिसके सम्बन्ध में भवन मानचित्र से सम्बन्धित नियम/शर्तें लागू होंगी।

7–मानचित्र स्वीकृति की अवधि –

(1) मानचित्र उस समय प्रचलित नियमों के अनुसार केवल एक वर्ष के लिये वैध होगा, तथा उस समयावधि के अर्न्तगत भू-स्वामी को भवन का निर्माण प्रारम्भ करना होगा,

(2) यदि भवन स्वामी उपनियम 5(1) के अनुसार अवधि बीतने से पूर्व भवन का निर्माण प्रारम्भ नहीं करता है तो अवधि समाप्त की दिनांक से तीन माह तक रु0 100/– प्रतिमाह का शुल्क अदा करके मानचित्र को वैध करवाना होगा तथा उसके पश्चात् प्रत्येक माह के लिये रु0 50/– शुल्क अदा करे मानचित्र को वैध करवाया जा सकता है, जो कि अधिकतम 3 वर्षों तक के लिये किया जा सकता है इसके पश्चात् पुनः नये मानचित्र की प्रक्रिया अपनानी होगी तथा पूर्व में अदा शुल्क की कोई राशि नये मानचित्र में समायोजित नहीं की जा सकेगी, और ना ही वह राशि वापिस ही की जायेगी,

(3) निर्धारित समयावधि समाप्त हो जाने के पश्चात् यदि भवन स्वामी के द्वारा स्वीकृत मानचित्र के आधार पर मानचित्र को पुनः वैध करवाये बिना निर्माण किया जाता है, तब वह निर्माण अवैध निर्माण माना जायेगा तथा उसके सम्बन्ध में वही प्रक्रिया अपनाई जायेगी जो कि अवैध निर्माण के सम्बन्ध में अपनाई जाती है ।

(4) भवन स्वामी के द्वारा किये गये उक्त अपराध को समझौता शुल्क जमा करवाकर नियमानुसार शमन किया जा सकता है ।

(5) कोई भी भवन निर्माण व्यवसायिक/आवासीय भवन की दशा में मानचित्र के अनुसार मानचित्र स्वीकृत कराने के अधिकतम 3 वर्षो में पूर्ण कराना आवश्यक होगा।

(6) कॉलोनी का मानचित्र स्वीकृत कराने की दशा में कॉलोनी में मानचित्र के अनुसार निर्माण मानचित्र स्वीकृत कराने के अधिकतम 5 वर्षो में किया जाना आवश्यक होगा।

8–नगर पंचायत के द्वारा स्वीकृत मानचित्र का संशोधन –

(1) नगर पंचायत के द्वारा स्वीकृत किसी मानचित्र के संशोधन के लिये प्रार्थना-पत्र प्रस्तावित संशोधित मानचित्र के साथ मानचित्र स्वीकृति के लिये दिये गये नियमों के अनुसार नगर पंचायत में प्रस्तुत किया जा सकता है,

(2) मानचित्र के संशोधन के लिये स्वीकृति दिये जाने से पूर्व केवल इस बाबत जॉच की जानी होगी कि वह संशोधन किसी उपविधि अथवा नियम के विरूद्ध तो नहीं करवाया जा रहा है, इसके अतिरिक्त पुनः किसी अन्य ऐसी जॉच अथवा आख्या की कोई आवश्यकता मानचित्र के संशोधन के लिये नहीं होगी जो कि पूर्व में ही मूल मानचित्र के लिये प्राप्त की जा चुकी हो,

(3) मानचित्र के संशोधन के आवेदन पर पूर्व शुल्क की राशि का 1/2 देय होगा ।

9–मानचित्र स्वीकृति के लिये विभिन्न नियम–

(1) उ0प्र0 नगरपालिका अधिनियम, 1916(2) की धारा 212–क द्वारा प्रदत्त शक्ति के अधीन नियत दूरी तक नगर पंचायत क्षेत्र के बाहर ऐसी शर्तों और परिसीमा के अधीन जो विहित की जाये, किसी भवन, मार्ग या नाली के निर्माण को नियन्त्रित तथा विनियमित कर सकेंगी,

(2) उपरोक्त उपनियम/भवन निर्माण के सम्बन्ध में उ0प्र0 नगरपालिका अधिनियम, 1916 में शासन द्वारा यदि कोई संशोधन किया जाता है, अथवा शासनादेश निर्गत किया जाता है, तो ऐसा संशोधन/शासनादेश इस भवन निर्माण उपनियम में यथासमय सम्मिलित/प्रभावी माना जायेगा,

(3) नगर पंचायत की स्वीकृति के लिये प्रस्तुत प्रत्येक प्रकार के निर्माण का मानचित्र नगर पंचायत के द्वारा लाईसेन्स प्राप्त नक्शानवीस के द्वारा ही हस्ताक्षरित होगा,

(4) आवासीय भवनों के निर्माण के लिये निर्माण में कुल 20 प्रतिशत क्षेत्रफल आगे व पीछे की तरफ खाली छोड़ना अनिवार्य होगा,

(5) व्यवसायिक भवनों को अपने भवन में पार्किंग की व्यवस्था स्वयं करनी होगी,

(6) मानचित्र स्वीकृत होने के पश्चात् यदि भूमि का स्वामित्व नगर पंचायत अथवा अन्य किसी राज्य/केन्द्रीय सरकार में पाया जाता है, तब मानचित्र स्वतः ही निरस्त माना जायेगा, और उस मानचित्र के आधार पर कोई अधिकार व्यक्ति को प्राप्त नहीं होंगे।

10–मानचित्र स्वीकृत करवाये बिना निर्माण करने की दशा में प्रक्रिया–

(1) अगर कोई व्यक्ति बिना मानचित्र स्वीकृत करवाये किसी भी प्रकार का निर्माण करता है, तब उस निर्माण को अवैध निर्माण माना जायेगा तथा उस अवैध निर्माण को हटवाने का पूर्ण अधिकार नगर पंचायत को प्राप्त होगा,

(2) परन्तु यदि ऐसा निर्माण अगर नियमों के अनुसार निर्मित है, तब वह व्यक्ति अपना मानचित्र लाईसेन्सधारी मानचित्रकार/नक्शानवीस से बनवाकर तथा उपविधियों में नियत शुल्क अदा करके अपना मानचित्र स्वीकृत करवाने के लिये नगर पंचायत में प्रस्तुत कर सकेगा और नगर पंचायत ऐसे मानचित्र को आवासी भवन के लिये समझौता शुल्क रु0 3,000 लेकर निर्माण को नियमित कर सकेगा, लेकिन व्यवसायिक निर्माण के लिये समझौता शुल्क रु0 5,000/– होगा, लेकिन किसी धार्मिक स्थल, धर्मशाला आदि निर्माणों के लिये समझौता शुल्क नगर पंचायत की टैक्स कमेटी अपने विवेक के अनुसार निर्धारित करेगी ।

(3) यदि ऐसा कोई निर्माण उपनियमों के अनुसार निर्मित नहीं है, तब ऐसे निर्माण को नियमित नहीं किया जा सकेगा, और ना ही ऐसे किसी मामले में समझौता ही किया जा सकेगा, तथा ऐसे निर्माण को नगर पंचायत भोजपुर धर्मपुर से हटाये जाने की अपेक्षा कर सकेगी अथवा नगर पंचायत के द्वारा स्वंय हटवाया जा सकेगा, तथा ऐसे अवैध निर्माण को हटाने के लिये जो व्यय होगा उसे भी भवन स्वामी से ही वसूल किया जा सकेगा और नगर पालिका अधिनियम के अर्न्तगत् दिये गये प्रावधानों के अर्न्तगत् चालानी कार्यवाही भी ऐसे भवन स्वामी के विरूद्ध की जा सकेगी।

11–यदि 200 वर्गमीटर या उससे कम क्षेत्रफल के भू-खण्ड वाले भवन के लिये मानचित्र स्वीकृत कराने का आवेदन प्रस्तुत करते समय यदि मानचित्र जल संचयिन (water harvesting) प्रणाली लगाने का प्रावधान मानचित्र में होता है तब ऐसी स्थिति में मानचित्र स्वीकृत करने के शुल्क में 50 प्रतिशत की छूट दी जायेगी परन्तु यदि भवन निर्माण पूर्ण होने के पश्चात निरीक्षण में यदि मानचित्र के अनुसार जल संचयिन (water harvesting) प्रणाली भवन में लगी नही पाई जाती है तब ऐसी स्थिति में मानचित्र स्वीकृत करने के शुल्क के 5 गुने के बराबर धनराशि भवन स्वामी से वसूल करने का अधिकार नगर पंचायत को होगा।

12–यह कि उक्त उपविधियों में आवश्यक संशोधन नगर पंचायत के बोर्ड के प्रस्ताव द्वारा किया जा सकेगा ।

आवेदन-पत्र यथास्थिति निम्नलिखित सूचनाओं और दस्तावेजों के साथ जमा किया जायेगा–

13–मानचित्रों के चार सेट नियत शुल्क अदा किये जायेगें।

14–जमा किये जाने वाले मानचित्रों में ''की प्लान'' साईट प्लान'' तलपट मानचित्र और सर्विसेज प्लान भी शामिल होगें।

15–समस्त मानचित्र अनुज्ञापित व्यक्ति द्वारा तैयार किये जायेगे और उनके द्वारा नाम, अनुज्ञाप्ति संख्या दर्शाते हुए हस्ताक्षर किये जायेगे इसके अतिरिक्त भू-भवन स्वामी के हस्ताक्षर भी होगें।

16–पंजीकृत बैनामे की छायाप्रति।

17–आधार कार्ड की छाया प्रति।

18–आवेदक/आवेदिका के फोटो।

19–शमन मानचित्र हेतु निर्मित भवन का फोटो ग्राफ।

भू-गेह (बेसमेन्ट)–

20–बेसमेन्ट को रिहायसी उपयोग में नही लाया जायेगा तथा बेसमेन्ट में शौचालय या रसोईघर का निर्माण अनुमन्य नही होगा।

21–आन्तरिक खुले स्थल (कोर्टयार्ड) तथा शाफ्ट के नीचे बेसमेन्ट का निर्माण अनुमन्य होगा।

22–बेसमेन्ट का निर्माण बगल की सम्पत्तियों की स्ट्रक्चरल सेफ्टी सुनिश्चत करते हुए भू-खण्ड की सभी सीमाओं से न्यून्तम 6 फुट छोडने के बाद ही अनुमन्य होगा।

बेसमेन्ट का प्रयोजन निम्नानुसार होगा।

(क) घेरलू सामान, अज्वलनशील पद्वार्थ या अन्य सामान का भण्डारण।

(ख) आवासीय भवन से भिन्न भवनों में डार्करूम, कोशकक्ष, बैक सेलर आदि।

(ग) वातानुकूलन उपकरण एवं अन्य मशीनें जो भवन की अनिवार्य सूरक्षा के लिए लगाई जायें।

(घ) पार्किग स्थल और गैराज।

(ड) पुस्कालयों के अज्जवलनशील भण्डार कक्ष (स्टैकिंग रूम)।

23–बेसमेन्ट का प्रयोग भाग, फर्श से बीम तक न्यून्तम 7 फुट तथा अधिकतम 15 फुट तथा अधिकतम 15 फुट ऊँचा होगा।

24–बेसमेन्ट में पर्याप्त संवातन सुनिश्चत किया जायेगा।

25–बेसमेन्ट की सीलिंग संलग्न रोड लेवल से न्युनतम 3 फुट तथा अधिकतम 4 फुट ऊपर होगी।

26–सतह का पानी बेसमेन्ट में प्रवेश न करने पाये इस हेतु व्यवस्था करनी होगी।

अपराधों का शमन उपविधि

27–मानचित्र में भवन निर्माण एवं विकास उपविधि के अनुसार अवैध निर्माण दर्शाये जायेगे ''फ्रंन्ट'' साईड'' एवं पीछे के सैट बैक में अनाधिकृत निर्माण आमनीय होगा।

28–शमन शुल्क अवैध निर्माण के लिए निर्धारित शुल्क द्वारा लिया जायेगा।

29–रुपये 10.00 प्रतिवर्ग फुट शमन शुल्क आवासीय भवन में आच्छादित क्षेत्रफल पर लिया जायेगा।

30–रुपये 10.00 प्रतिवर्ग फुट शमन शुल्क व्यावसायिक भवन में आच्छादित क्षेत्रफल पर लिया जायेगा।

दण्ड

यदि कोई भी व्यक्ति उपविधि का उल्लंघन करता है, तो उसके विरूद्व नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

31–उपरोक्त उपविधियों में वर्णित नियमों के विपरीत कोई नियम/निर्देश शासन के द्वारा शासनादेश के माध्यम से जारी किया जाता है तब उक्त उपविधियों के प्रभाव में रहते हुये भी शासनादेश उपविधियों पर प्रभावी होगा और उक्त शासनादेश के विपरीत उपविधि होने की स्थिति में शासनादेश में दिये गये नियमों के आधार पर कार्यवाही की जायेगी ।

फरखन्दा जबी,
अध्यक्ष,
नगर पंचायत, भोजपुर धर्मपुर,
जनपद मुरादाबाद।

कार्यालय, नगर पंचायत बहसूमा, (मेरठ)

30 सितम्बर, 2023 ई0

नगर पंचायत बहसूमा लाईसेन्स शुल्क/विविध कर एवं अन्य उपविधि नियमावली 2023

सं0 332/न0पं0ब0/उपविधि/2021–22–उ0प्र0 नगर पालिका अधिनियम, 1916 की धारा में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये नगर पंचायत बहसूमा, मेरठ के द्वारा सीमान्तर्गत निवासियों के स्वास्थय सुरक्षा और सुविधा की अभिवृद्वि या उनके अनुरक्षण के प्रयोजनार्थ और इस अधिनियम के अधीन विविधकर (शुल्क) उपविधि नियमावली, 2023

प्रस्तावित करती है। उपरोक्त नियमावली को धारा 301 के अन्तर्गत प्रकाशन के पश्चात किसी बिन्दु या सभी बिन्दुओं पर किसी व्यक्ति समूह को आपत्ति हो या सुझाव हो तो अपनी लिखित आपत्ति/सुझाव उपरोक्त नियमावली के प्रकाशन तिथि के 30 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। उपरोक्त निर्धारित अवधि के बाद किसी आपत्ति एंव सुझाव पर कोई विचार नही किया जायेगा नगर पंचायत बहसूमा द्वारा उक्त विविधकर (शुल्क) उपविधि नियमावली के प्रकाशन के उपरान्त जो भी आपत्तियां एंव सुझाव प्राप्त होंगे उन आपत्तियों एंव सुझावों पर गहन विचार विमर्श करने के उपरान्त नियमानुसार उन आपत्तियों का निस्तारण करने के अन्तिम रूप प्रदान करने के पश्चात् उक्त ''विविधकर (शुल्क) उपविधि'' कहलायेगी। यदि पूर्व में इस सम्बन्ध में कोई भी उपविधि लागू है तो उसे निरस्त समझा जाये। यह उपविधि गजट में प्रकाशन की तिथि से प्रभावी माना जायेगा। उक्त नियमावली को आपत्तियों सुझाव आमंत्रित करने हेतु दैनिक समाचार–पत्र दैनिक हिन्दुस्तान में दिनांक 01 अक्टूबर 2023 को सूचना प्रकाशन कराया गया था, जिसकी अवधि30 दिन निर्धारित की गई थी परन्तु निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति एंव सुझाव प्राप्त नही हुआ। तदोपरान्त नगर पंचायत बहसूमा (मेरठ) के बोर्ड की बैठक दिनांक 25 सितम्बर, 2023 का पारित प्रस्ताव द्वारा उपविधि को अन्तिम रूप से अनुमोदित करते हुये सरकारी गजट में प्रकाशन हेतु अनुमति प्रदान की गई है, जो गजट प्रकाशन की तिथि से प्रभावी होगी।

''विविधकर (शुल्क) उपविधि नियमावली, 2023

उ0प्र0 नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 298 जो नगर पंचायत पर प्रवृत्त है के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नगर पंचायत, बहसूमा मेरठ में यह उपविधि विविधकर (शुल्क) उपविधि नियमावली, 2023 कहलायेगी, जिसका विवरण निम्नानुसार है–

1–विविधकर शुल्क की दरें–

(1) नकल शुल्क तत्काल बनवाये जाने पर रु0 200.00 प्रति नकल, सामान्य नकल रु0 100.00 प्रति नकल।

(2) अनापत्ति प्रमाण-पत्र शुल्क रु0 200.00 प्रति प्रमाण-पत्र।

(3) अन्य प्रमाण-पत्र शुल्क रु0 100.00 प्रति प्रमाण-पत्र।

(4) रिकार्ड मुआयना शुल्क रु0 100.00 प्रति प्रकरण।

(5) सार्वजनिक जगह पर गन्दगी फैलाने पर दण्ड शुल्क रु0 200.00।

(6) सार्वजनिक जगह पर गन्दगी फैलाने की पुनरावृत्ति करने पर दण्ड शुल्क रु0 500.00 ।

(7) सडक किनारे मलवा डालने जैसे–निर्माण समग्री, सडक भाग फुटपाथ नाली के ऊपर अतिक्रमण करने पर दण्ड शुल्क रु0 500.00, प्रति करण पुनरावृत्ति करने पर रु0 1,000.00 ।

(8) 50 माईक्रॉन से कम पॉलीथीन का प्रयोग करने पर दण्ड शुल्क रु0 100.00, पुनरावृत्ति करने पर पैनाल्टी (दण्ड शुल्क) रु0 500.00 रूपया।

(9) वाटर टैंकर पंचायत सीमान्तर्गत (व्यक्तिगत घरेलू उपयोग हेतु) शुल्क रु0 400.00 प्रति टैंकर।

(10) वाटर टैंकर उपयोग (पंचायत सीमान्तर्गत) व्यावसायिक कार्य हेतु शुल्क रु0 800.00 प्रति टैंकर।

(11) किसी जे0सी0बी0 मशीन किराये पर उपयोग हेतु पंचायत सीमान्तर्गत शुल्क रु0 700.00 प्रति घण्टा छोटी।

(12) सीवर टैंक की सफाई हेतु सीवर सेक्शन मशीन पंचायत सीमान्तर्गत शुल्क रु0 1,500/ प्रथम चक्कर, पुनः उपयोग हेतु शुल्क रु0 1,200/प्रति चक्कर।

(13) निकाय सीमान्तर्गत डोर टू डोर कूडा कलैक्शन नगर पंचायत बहसूमा द्वारा अनुबन्धित संस्था को देने पर यूजर चार्ज के रूप में आवासीय प्रत्येक घर से शुल्क रु0 30.00 प्रति माह, गेस्ट हाऊस/बारात घर शुल्क रु0 1,000.00 प्रति माह बुकिंग होगा।

(14) सभी प्रकार के घरेलू पालतू जानवर खुला छोडने अथवा पकडे जाने पर शुल्क रु0 500.00 प्रति दिन। दुबारा पकडे जाने पर शुल्क रु0 1,000 जमा करना होगा।

(15) नगर पंचायत की सीमा स्थित मकान में निजी समरसेबिल पम्प लगाने हेतु अनापत्ति प्रमाण-पत्र हेतु शुल्क रु0 2,000 व्यावसायिक भवन में शुल्क रु0 5,000.00।

2–नामान्तरण शुल्क–

1–विरासत/रजिस्टर्ड वसीयत/न्यायालय निर्णय/रजिस्टर्ड दान-पत्र के आधार पर नामान्तरण शुल्क रु0 1,000 यदि समाचार पत्र में प्रकाशन व्यय भवन दाता द्वारा गहन किया जायेगा।

(1) रु0 01 से रु0 99.999 बाजारू मालियत बैनामा नामान्तरण शुल्क–	रु0 1,000.00
(2) रु0 1,00,000 से रु0 2,99,999 बाजारू मालियत बैनामा नामान्तरण शुल्क	रु0 2,000.00
(3) रु0 3,00,000 से रु0 5,99,999 बाजारू मालियत बैनामा नामान्तरण शुल्क	रु0 3,000.00
(4) रु0 6,00,000 से रु0 14,99,999 बाजारू मालियत बैनामा नामान्तरण शुल्क	रु0 5,000.00
(5) रु0 15,00,000 से अधिक बाजारू मालियत बैनामा नामान्तरण शुल्क–	रु0 8,000.00

नगर पंचायत बहसूमा की अपनी सम्पत्ति/जायजाद/दुकानों के सम्बन्ध में निर्धारित शुल्क देय होगा।

3–विज्ञापन पर कर–

सचिव उ0प्र0 शासन, नगर विकास अनुभाग-9 शासनादेश संख्या 618/नौ–9–2013–27ज/2011, दिनांक 05 अप्रैल, 2012 के द्वारा विज्ञापन/प्रचार के सम्बन्ध में दिशा–निर्देश

(क) विज्ञापन एंव विज्ञापन पट के लिए ऐसे स्थल चिन्हित किये जायेगे जो प्रत्येक स्थिति में निरापद, निर्बाध, आवागमन औश्र सुगम यातायात के लिये सर्वथा उपर्युक्त हो।

(ख) विज्ञापन पटों की सुदृढता प्रत्येक दशा में सुनिश्चित की जाये, ताकि कोई दुर्घटना ना होने पाये।

(ग) विज्ञापन को वृक्षों, बल्लियों, बांस या लकड़ी से बांधा नही जायेगा इस बात पर विशेष ध्यान दिया जाये कि विज्ञापन के आस-पास कलात्मक सौन्दर्य नष्ट न हो और लोक सम्पत्ति किसी प्रकार विरूपित न हो और न ही नश्ट हो।

(घ) 1–विज्ञापन शुल्क प्रति वर्गफुट रु0 5.00 प्रतिमाह।

2–ग्लोसाइन बोर्ड/साइन बोर्ड/विज्ञापन पट प्रति वर्गफुट रु0 5.00 प्रतिमाह।

3–क्यास/वाल पेन्टिंग प्रति वर्गफुट रु0 5.00 प्रतिमाह।

4–बैनर आदि प्रति वर्गफुट रु0 5.00 प्रतिमाह।

5–यूनीपोल विज्ञापन पट प्रति वर्गफुट रु0 5.00 प्रतिमाह।

6–कैनोपी (छतरी) रु0 100 प्रतिदिन।

7–गुब्बारे (एअर वैलून) रु0 100.00 प्रतिदिन।

8–वाहनों पर रु0 100.00 प्रतिदिन।

9–पोस्टर रु0 100.00 प्रति सैकडा।

10–पर्चा (हैण्ड बिल) रु0 200.00 प्रति हजार।

11–इलेक्ट्रॉनिक/डिजिटल माध्यम के विज्ञापन प्रति वर्गफुट रु0 10.00 प्रतिमाह।

12–अन्य प्रकार के विज्ञापन की दर ऊपर निर्धारित दरों के सापेक्ष देय होगी।

(ङ) किसी भी विज्ञापन या विज्ञापन पट्ट किसी भी दशा में जनहित व निकायहित के अनुकूल ही होने चाहिये और उसमे सम्प्रदर्शित विज्ञापन किसी प्रकार से अपशिष्ट अश्लील, स्वास्थ्य के लिये हानिकारक, किसी भी धर्म अथवा समुदाय की भावनाओं के प्रतिकूल एंव आपत्तिजनक प्रवृत्ति के नही होने चाहियें।

5–बाहरी फेरी नीति के अन्तर्गत निर्धारित बाजार क्षेत्र में लगाई जाने वाली दुकानों से नगर नगर पंचायत बहसूमा द्वारा बाजार हेतु चिन्हित छोटी दुकानों से रु0 20.00 से 40.00 प्रतिदिन बाजार की दर से एंव बड़ी दुकानों से रु0 30.00 से 60.00 प्रतिदिन बाजार शुल्क वसूली की जायेगी तथा भविष्य में पंचायत में वेडिंग जोन/बाजार हेतु चिन्हित होने वाले स्थलों पर भी शहरी फेरी नीति के अन्तर्गत उपरोक्तानुसार शुल्क की दरें प्रभावी मानी जायेगी। बाहरी फेरी नीति के अन्तर्गत चिन्हित बाजार क्षेत्र में वसूली या भविष्य में बाजार क्षेत्र हेतु चिन्हित होने वाले अन्य स्थलों पर शुल्क की वसूली सरकारी कर्मियों से सीधे कराई जायेगी या वार्षिक ठेका नीलामी/निविदा के माध्यम से की जायेगी।

6–(क) ठेकेदारी पंजीकरण जमानत धनराशि–

प्रथम श्रेणी ठेकेदार रु0 10,00,000 से अधिक हेतु शुल्क रु0 25,000।

द्वितीय श्रेणी रु0 5,00,000 से रु0 9,99,999 तक शुल्क रु0 15,000।

तृतीय श्रेणी रु0 1,00,000 से रु0 4,99,999 तक शुल्क रु0 10,000।

चतुर्थ श्रेणी रु0 1,00,000 से कम शुल्क रु0 5000।

(ख) ठेकेदारी पंजीकरण शुल्क रु0 10,000 जो ठेकेदार को कभी वापस नही होगें। प्रतिवर्ष नवीनिकरण शुल्क रु0 2500।

(ग) पंजीकरण का नवीनीकरण का वार्शिक शुल्क रु0 2500.00 जो ठेकेदार को कभी वापिस नही होगा। पंजीकरण का नवीनीकरण विलम्ब शुल्क रु0 200.00 प्रतिमाह होगा विशेष परिस्थितियों में पंजीकरण नवीनीकरण शुल्क दो गुना अर्थात दस हजार प्रति ठेकेदार देय होगा।

नोट–उपरोक्त नगर पंचायत बहसूमा विविधकर शुल्क उपविधि नियमावली, 2023 उ0प्र0 राजपत्र में प्रकाशन/मुद्रण की तिथि से प्रभावी होगी। इस उपविधि में उल्लिखित विविधकर शुल्क की दरों में एवं पूर्व प्रकाशित नगर पंचायत बहसूमा (मेरठ) की उपविधि दरों में कोई विरोधाभास हो तो विविधकर शुल्क उपविधि 2023 में उल्लिखित दरें प्रभावी मानी जायेगी।

7–नगर पंचायत बहसूमा की सम्पत्ति पर बने आवास/दुकान/अन्य को दी जा रही सुविधा– पथ प्रकाश, सड़क, पानी, सफाई के ऐबज में उपयोग/उपभोग शुल्क लगाने के सम्बन्ध में।

दर–साधारण दशा में लगने वाले आवास/दुकान/अन्य पर शुल्क दर का दोगुना वार्षिक वसूला जायेगा अन्यथा की स्थिति में निकाय हित उक्त भूमि को कब्जा मुक्त कराया जायेगा।

यह केवल नगर पंचायत द्वारा दी जा रही सुविधा के ऐवज में शुल्क वसूला जायेगा।

8–किसी सरकारी/अर्धसरकारी/अन्य किसी संस्था द्वारा नगर पंचायत बहसूमा की सीमा के अन्दर कार्य/निर्माण कार्य अन्य किसी भी प्रकार का कार्य प्रारम्भ से पूर्व नगर पंचायत बहसूमा से अनुमति लेनी होगी, साथ ही उक्त विभाग/संस्था द्वारा होने वाली सम्पत्ति हानि/सड़क हानि/पाईपलाईन हानि/अन्य हानि का भुगतान नगर पंचायत बहसूमा द्वारा वसूला जायेगा।

9–नगर पंचायत सम्पत्ति खसरा नं0–273 को विशेष क्षेत्र घोषित करते हुए उक्त भूमि का (एकीकृत) विकास किया जायेगा, उक्त भूमि में किसी भी प्रकार के विकास कार्य/व्यवसायिक गतिविधि से लिऐ जाने वाला शुल्क नगर पंचायत बहसूमा द्वारा समय अनुसार निर्धारित किया जायेगा।

नगर पंचायत की सम्पत्ति को व्यवसाय कार्य हेतु 25–30 वर्ष किराये पर दिये जाने का अनुबन्ध का अधिकार नगर पंचायत बहसूमा अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी में निहित होगा।

निकाय के किराये अनुबंध के नियमों का किरायेदार द्वारा पालन करने पर उसके अनुबंध समय अवधि भविष्य के लिए सुरक्षित रहेगी।

नगर पंचायत बहसूमा द्वारा किरायेदार के अनुबंध के अनुसार उनके अधिकारों का हनन होता है, तो वह कोर्ट में नगर पंचायत बहसूमा के विरूद्ध वाद दायर कर सकेगा। परन्तु किरायेदार द्वारा अनुबंध का पालन न करने पर वह किसी भी प्रकार का वाद कोर्ट में मान्य नही किया जायेगा।

सचिन कुमार,
अध्यक्ष,
नगर पंचायत,
बहसूमा (मेरठ)।

लाईसेंस शुल्क उपविधि नियमावली, 2023

सं0 332/न0पं0ब0/उपविधि/2021–22उ0प्र0 नगर पालिका अधिनियम, 1916 की धारा में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये नगर पंचायत बहसूमा, मेरठ के द्वारा सीमान्तर्गत निवासियों के स्वास्थ सुरक्षा और सुविधा की अभिवृद्वि या उनके अनुरक्षण के प्रयोजनार्थ और इस अधिनियम के अधीन लाईसेन्स शुल्क उपविधि नियमावली, 2023 प्रस्तावित करती है। उपरोक्त नियमावली को धारा 301 के अन्तर्गत प्रकाशन के पश्चात किसी बिन्दु या सभी बिन्दुओं पर किसी व्यक्ति समूह को आपत्ति हो या सुझाव हो तो अपनी लिखित आपत्ति/सुझाव उपरोक्त नियमावली के प्रकाशन तिथि के 30 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। उपरोक्त निर्धारित अवधि के बाद किसी आपत्ति एंव सुझाव पर कोई विचार नही किया जायेगा नगर पंचायत बहसूमा द्वारा उक्त विविधकर (शुल्क) उपविधि नियमावली के प्रकाशन के उपरान्त जो भी आपत्तियां एंव सुझाव प्राप्त होंगे उन आपत्तियों एवं सुझावों पर गहन विचार विमर्श करने के उपरान्त नियमानुसार उन आपत्तियों का निस्तारण करके अन्तिम रूप प्रदान करने के पश्चात् उक्त ''विविधकर (शुल्क) उपविधि'' कहलायेगी। यदि पूर्व में इस सम्बन्ध में कोई भी उपविधि लागू है तो उसे निरस्त समझा जाये। यह उपविधि गजट में प्रकाशन की तिथि से प्रभावी माना जायेगा। उक्त नियमावली को आपत्तियों सुझाव आमंत्रित करने हेतु दैनिक समाचार-पत्र दैनिक हिन्दुस्तान में दिनांक 01 अक्टूबर 2023 को सूचना प्रकाशन कराया गया था, जिसकी अवधि 30 दिन निर्धारित की गई थी परन्तु निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति एवं सुझाव प्राप्त नही हुआ। तदोपरान्त नगर पंचायत बहसूमा (मेरठ) के बोर्ड की बैठक दिनांक 25 सितम्बर, 2023 का पारित प्रस्ताव द्वारा उपविधि को अन्तिम रूप से अनुमोदित करते हुये सरकारी गजट में प्रकाशन हेतु अनुमति प्रदान की गई है, जो गजट प्रकाशन की तिथि से प्रभावी होगी।

जब तक कोई विषय या प्रसंग से कोई बात प्रतिकूल न होने पर इस लाईसेंस शुल्क उपविधि नियमावली में–

(क) ''अधिनियम'' का तात्पर्य उ0प्र0 नगर पंचायत बहसूमा अधिनियम 2, 1916।

(ख) ''नगर पंचायत'' का तात्पर्य नगर पंचायत बहसूमा मेरठ से।

(ग) ''बोर्ड'' का तात्पर्य नगर पंचायत बहसूमा के निर्वाचित बोर्ड अथवा शासन द्वारा स्थापित की गयी व्यवस्था से है।

(घ) यह लाईसेंस शुल्क उपविधि नियमावली, 2023 नगर पंचायत बहसूमा मेरठ कहलायेगी।

(ड़) ''अधिशासी अधिकारी'' का तात्पर्य अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत बहसूमा मेरठ से है।

(च) ''प्रभारी अधिकारी'' का तात्पर्य प्रभारी अधिकारी नगर पंचायत बहसूमा मेरठ से है।

(छ) ''अध्यक्ष/चेयरमैन'' का तात्पर्य अध्यक्ष/चेयरमैन नगर पंचायत बहसूमा मेरठ से है।

(ज) ''लाईसेंस अधिकारी/अधिशासी अधिकारी'' नगर पंचायत बहसूमा मेरठ एंव अधिकृत कर्मचारी से होगा।

1–यह लाईसेंस शुल्क उपविधि नियमावली नगर पंचायत बहसूमा सीमान्तर्गत लागू होगें। यह नियम लाईसेंस एंव अन्य शुल्क के लिये भी लागू होंगे।

2–कोई भी दुकानदार या अन्य व्यवसायी इस नियमावली के अन्तर्गत लाईसेंस प्राप्त किये बिना व्यवसाय नही कर सकता और उपनियम लागू होने के पूर्व से चल रहे समस्त दुकानदारों, व्यवसायियों, प्रतिष्ठानों आदि को लाईसेंस उपनियम के अन्तर्गत प्राप्त करना आवश्यक होगा।

3–लाईसेंस की अवधि वित्तीय वर्ष 01 अप्रैल से 31 मार्च तक वैध होंगे। अगले वित्तीय वर्ष के लिये पुनः लाईसेंस प्राप्त करना होगा।

4–वित्तीय वर्ष में ही प्रत्येक व्यक्ति को व्यवसाय के लिये आवश्यक होगा कि निम्न लिखित तालिका में निर्धारित की गई धनराशि, ट्रैड लाईसेंस शुल्क के रूप में जमा करके लाईसेंस प्राप्त कर लेवें।

5– ट्रैड लाईसेंस शुल्क प्राप्त करने के लिये अपेक्षित धनराशि प्राप्तकर्ता कार्यालय नगर पंचायत बहसूमा मेरठ में जमा कर सकता है अथवा नगर पंचायत के अधिकृत कर्मचारी को भुगतान करके रसीद प्राप्त कर सकता है।

6–केन्द्र अथवा राज्य सरकार अथवा अन्य कोई विधि निहित संस्था द्वारा तालिका में वर्णित ट्रैड लाईसेंस के नियन्त्रण हेतु लाईसेंस से भिन्न होगा।

7–नगर पंचायत अध्यक्ष/प्रशासक/प्रभारी अधिकारी/अधिशासी अधिकारी अथवा अधिकृत कर्मचारी किसी भी समय दुकान के लाईसेंस का निरीक्षण कर सकता हैं। प्रत्येक दुकान के अन्दर आवश्यक स्थिति में प्रवेश के लिये अधिकृत होगा।

8–नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी एंव अधिकृत कर्मचारी लाईसेंस निर्गत कर सकता है।

9–जो शुल्क इस पालिका में नही है उसे सम्बन्धित व्यवसाय के समकक्ष व्यवसाय मानकर उसी के अनुरूप लाईसेंस शुल्क लिया जायेगा।

10–इस लाईसेंस शुल्क उपविधि नियमावली की दरें प्रभावी होते ही पूर्व में लागू की ई लाईसेंस शुल्क की दरें निष्प्रभावी समझी जायेगी।

11–तालिका की मदों में उल्लिखित ट्रैड लाईसेंस शुल्क न बनवाने पर अथवा निरीक्षण में पकडे जाने पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त प्रभार के साथ शुल्क वसूला जायेगा। विशेष परिस्थिति में अधिशासी अधिकारी को यह अधिकार होगा कि वह माफ कर सकता है।

12–लाईसेंस शुल्क उपविधि नियमावली की दरों में 05 वर्ष पश्चात् 10 प्रतिशत की वृद्वि की जायेगी जिसमें पंचायत बोर्ड को दो तिहाई बहुमत से संशोधन करने का अधिकार प्राप्त होगा तथा सहमति न होने की दशा में इसका विनिश्चय मताधिकार द्वारा होगा।

नोट–प्रशासन द्वारा बन्दी दिवस को दुकान बन्द करना अनिवार्य होगा। केवल जलपान, आवश्यक सेवा की दुकाने खुली रहेगी।

सुलहनामा

यदि कोई दुकानदार नियमों के विरूद्व होटल, दुकान आदि नगर पंचायत सीमा के अन्दर रखता है तथा कानून के उल्लंघन पर पालिका अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी दोशी व्यक्ति के विरूद्व कानूनी कार्यवाही जारी करता है उसी समय यदि दोषी व्यक्ति सुलहनामा के लिये प्रार्थना–पत्र दे तो अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी शुल्क लेकर जो रु0 1,000.00 से अधिक न होगा। लेकर सुलह कर सकता है।

दण्ड

उ0प्र0 नगर पालिका अधिनियम, 1916 की धारा 299 के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुये नगर पंचायत बहसूमा मेरठ यह प्राविधान करती है कि इन उपनियमों के उल्लंधन करने पर सम्बनिधत व्यक्तियों के दोष सिद्व होने पर न्यायालय द्वारा रु0 1,000.00 का अर्थ दण्ड दिया जा सकता है। प्रथम दोष सिद्व होने पर यदि कोई उल्लंघन जारी रखता है तो प्रतिदिन के लिये जिनमें अपराध प्रमाणित हो तो रु0 25.00 प्रतिदिन दण्ड लिया जा सकेगा। अर्थदण्ड की धनराशि न भुगतान करने पर कारावास से दण्डित होगा, जो 6 माह तक हो सकता है।

ट्रैड लाईसेंस शुल्क की दरें निम्नवत् है–

क्र0सं0	मद का नाम	दर वार्षिक
1	2	3
	होटल रेस्टोरेन्ट	
		रु0
1	होटल लॉजिंग हाउस तथा गेस्ट हाउस 10 शैय्या तक/होटल ढाबा	3,000.00
2	तीन सितारा होटल	5,000.00
3	पांच सितारा होटल	8,000.00
	नर्सिंग होम	
4	स्रकारी अस्पताल/निजि अस्पताल/नर्सिंग होम (20 बेड तक)	1,000.00
5	नर्सिंग होम (20 बेड से ऊपर 50 प्रति बेड)	50 (प्रति बेड) 1 माह
6	प्रसूति गृह (20 बेड तक)	5,000.00
7	प्रसूति गृह (20 बेड से ऊपर)	10,000.00
8	प्राईवेट अस्पताल	15,000.00
9	पैथालॉजी सेंटर	1,500.00
10	एक्सरे क्लीनिक	1,500.00
11	डेन्टल क्लीनिक	1,000.00–3,000.00
12	प्राईवेट क्लीनिक	1,000.00–3,000.00
	परिवहन	
13	आटो रिक्शा 02 सीट	250.00
14	आटो रिक्शा 7 सीटर (टैम्पो)	250.00
15	आटो रिक्शा 4 सीटर	150.00
16	मिनी बस	500.00
17	बस	600.00
18	तांगा	250.00
19	रिक्शा किराये पर	250.00
20	रिक्शा निजी चलित	250.00
21	ठेला/ठेली	250.00
22	हाथ ठेला	250.00
23	बैलगाड़ी/भैसा गाड़ी	250.00

1	2	3
		रु0
24	ट्राली	250.00
25	अन्य चार पहियों के वाहन (व्यापारिक प्रयोग हेतु सभी वाहन)	1,000.00
26	धुलाई गृह (लाण्ड्र)	250.00
27	ड्राई क्लीनर	500.00
28	फाईनेन्स कम्पनी, चिट फंड	2,000.00
29	इन्श्योरेन्स कम्पनी प्रति शाखा	2,500.00
30	फाउन्डिंग, इंजीनियरिंग, इण्डस्ट्रियल	500.00
31	पशु वधशाला (स्लाटर हाउस)	100.00 (प्रति पशु)
32	हड्डी खाल गोदाम	700.00
33	बार/बियर/कैन्टीन प्रति दुकान	5,000.00
34	आइस फैक्ट्री	1,000.00
35	बिल्डर्स (रजिस्टर्ड)	2,500.00
36	देशी शराब (प्रति दुकान)	5,000.00
37	विदेशी शराब (प्रति दुकान)	7,000.00
38	भैसा मांस की दुकान	5,000.00—10,000.00
39	बकरा/मुर्गा मांस की दुकान (शराब व मांस की दुकान मैन रोड/धार्मिक स्थल से 300मी0 की दूरी पर)	5,000.00—10,000.00
	पशु पालन	
40	प्रति पशु	10.00
41	कांजी हाउस में बन्द जानवरों पर जुर्माना	500.00
42	प्रतिदिन खुराकी छोटे जानवर (बकरा आदि)	50.00
43	प्रतिदिन खुराकी बड़े जानवर (गाय, भैंस, घोड़े, बकरा आदि)	100.00
44	स्कूटर मोटर साईकिल रिपेयर सेन्टर	500.00
45	स्कूटर, तीन पहिया रिपेयरिंग शॉप	500.00
46	साईकिल पार्टस व साईकिल विक्रेता	2,000.00
47	साईकिल मरम्मत की दुकान	250.00
48	आटा चक्की, स्पेलर, धान मशीन आदि	2,000.00
49	गन्ना, कोल्हू आरा मशीन, धर्मकाटा	3,000.00
	पेट्रोलियम	
50	दुकान तेल मिटटी 100 गैलेन तक	50.00
51	दुकान तेल मिटटी 500 गैलेन तक	250.00
52	पेट्रोल पम्प, डीजल पम्प फुटकर विक्रेता	2,500.00
53	पानी सप्लाई आर0ओ0 केन्द्र	3,000.00
54	जनरेटर डीजल प्रति नग	500.00

1	2	3
		रु0
55	दुकान अन्य पेट्रोल उत्पाद	500.00
56	गोदाम कबाड़/गूदड़ आदि प्रति0 गौदाम/अन्य व्यवसायिक	3,000.00
57	कोयला भटटी	500.00
58	जूता बनाने का कारखाना छोटा	500.00
59	जूता बनाने का कारखाना बड़ा	1,000.00
60	लोहा व्यापारी, टिम्बर, सीमेन्ट, टाइल, मारबल, ईटा, बालू, हार्डवेयर, सेनेटरी फुटकर	5,000.00
61	बिजली का सामान थोक विक्रेता	2,500.00
62	बिजली का सामान फुटकर विक्रेता	1,000.00
63	कपड़ा व्यापारी थोक विक्रेता	5,000.00
64	कपड़ा व्यापारी फुटकर विक्रेता	2,500.00
65	बेकरी भटटी	700.00
66	बेकरी पावर	1,000.00
67	हेयर कटिंग सैलून छोटा (एक कारीगर)	250.00
68	हेयर कटिंग सैलून छोटा (एक से अधिक कारीगर)	500.00
69	कुकिंग गैस सिलेण्डर फिलिंग फुटकर विक्रेता	500.00
70	जनरल मर्चेन्ट थोक	1,000.00
71	जनरल मर्चेन्ट फुटकर	500.00
72	टेलरिंग हाउस (01 से 05 कर्मचारी तक)	500.00
73	टेलरिंग हाउस (05 कर्मचारी से अधिक)	100.00 (प्रति कर्मचारी)
74	कोयला थोक विक्रेता	500.00
75	कोयला फुटकर विक्रेता	250.00
76	पेन्ट की दुकान	500.00
77	ज्वैलर्स बड़े (पांच लाख से अधिक के टर्नओवर)	10,000.00
78	ज्वैलर्स बड़े (एक लाख से पांच लाख टर्नओवर)	5,000.00
79	डेयरी फार्म	1,000.00
80	भूसा थोक विक्रेता	500.00
81	भूसा फुटकर विक्रेता	250.00
82	वी0डी0ओ0 लाईब्रेरी	500.00
83	केबिल टी0बी0	1,000.00
84	अनाज, तिलहन, चीनी, गुड़, फुटकर विक्रेता	1,500.00
85	अनाज, तिलहन, चीनी, गुड़, थोक विक्रेता	5,000.00
86	टेन्ट हाउस बड़ा (एक लाख रुपया से अधिक लागत)	5000.00
87	टेन्ट हाउस बड़ा (एक लाख रुपया लागत तक)	2500.00

1	2	3
		रु0
88	पान की दुकान खोखा	100.00
89	चाय की दुकान पक्की	100.00
90	चाय की दुकान खोखा	50.00
91	मीठा, चाय, की दुकान पक्की बड़ी	2,500.00—5,000.00
92	किताबों के थोक विक्रेता	2,500.00
93	किताबों के फुटकर विक्रेता	1,000.00
94	लकड़ी के टाल थोक विक्रेता	1,000.00
95	लकड़ी के फुटकर विक्रेता	500.00
96	रेडियो मैकेनिक	500.00
97	टी0वी0इलक्ट्रानिक की दुकान	500.00
98	मिठाई की दुकान	2,500.00
99	सब्जी/फल विक्रेता	750.00
100	मसाले फुटकर विक्रेता	250.00
101	मसाले थोक विक्रेता	1,000.00
102	फर्नीचर मरममत कर्ता	500.00
103	फर्नीचर विक्रेता	2,000.00
104	क्राकरी फुटकर विक्रता	500.00
105	क्राकारी थोक विक्रेता	1,000.00
106	लाउडस्पीकर किराये पर (पांच सेट तक)	250.00
107	लाउडस्पीकर किराये पर (पांच सेट से अधिक)	50.00 (प्रति लाउड स्पीकर)
108	खराद मशीन लकडी	2,000.00
109	आभूषण मरम्मत कर्ता	1,000.00
110	जूता,चप्पल मरम्मतकर्ता	50.00
111	सब स्टेशन (प्रति वर्गमीटर)	1,500.00
112	प्रिटिंग प्रेस	500.00
113	ब्यूटी पार्लर	500.00
114	मोबाईल की दुकान	1,000.00
115	मोबाईल मरम्मत की दुकान	500.00
116	आटो पार्टस	2,500.00
117	फोटो कापी स्टेट	50.00
118	फोटो स्टूडियों	250.00
119	वाहन एजेन्सी दो पहिया	2,500.00
120	वाहन एजेन्सी चार पहिया	5,000.00
121	ट्रक वाहन	500.00

1	2	3
		रु0
122	वाहन से प्रचार का लाइसेन्स शुल्क	100.00
123	पब्लिक स्कूल (अंग्रेजी/हिन्दी माध्यम)	5,000.00
124	कोचिंग सेन्टर (हाईस्कूल से इण्टरमीडिएट तक)	1,500.00
125	कोचिंग सेन्टर (प्रतियोगी परीक्षा)	2,500.00
126	विवाह घर	25,000.00
127	मोबाईल टावर (प्रति टावर)	25,000.00
128	वाहन धुलाई	1,000.00
129	वाहन मैकनिक	2,000.00
130	वैल्डिंग कार्य	2,000.00
131	वाई0फाई0/दूर संचार हेतु विधुत तार खम्बे व जमीन के अन्दर कार्य (सड़क सुधार व अन्य खर्च अलग से)	10,000.00
132	सब्जी/आढ़त ठेका	10,000.00
133	मेडिकल स्टोर	2,000.00
134	गन्ना क्रय केन्द्र	10,000.00
135	सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान	1,000.00
136	चार्जिंग पाईन्ट/पेट्रोल पम्प/गैस गोदाम/डीजल पम्प/सी0एन0जी0	10,000.00–20,000.00
136	प्लाट/उत्पादन केन्द्र/रसायनिक पदार्थ बनाने वाले प्लाट/अन्य व्यवसायिक	15 वर्ग मीटर
137	टाईल फैक्ट्री/ईट भटटे/अन्य अन्य निर्माण पानी सप्लाई केन्द्र	15 वर्ग मीटर
138	बैंक	10,000.00–20,000.00
139	बिजली घर/पशु अस्पताल/थाना/डाक खाना/टेलीफोन एक्सचेंज/अन्य सरकारी व अर्धसरकारी कार्यालय	15.00 प्रति वर्ग मी0
	गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले	
140	झोपड़ी/कच्चा मकान (छत व दीवारे कच्ची होने पर 400 वर्ग मीटर तक	निःशुल्क
141	पक्का घर/प्लोट/इ0डब्ल्यू0एस0 (1BHk) 30 वर्ग मी0तक प्रतिमाह।	300.00
142	100 से 200 वर्ग मी0 भवनों पर।	500.00
143	200 वर्ग मी0 से अधिक भवनों पर।	800.00
144	दुकानों पर	1,000.00

उपविधियों के उल्लंघन में किये गये कृत्यों के लिए निर्धारित केयरिंग चार्जः–

क्रं0	कृत्य	नगर पंचायत द्वारा आरोपित धनराशि
1	2	3
		रु0
01	आवासीय भवन स्वामियों द्वारा खुले में कचरा डालने पर	200.00 प्रतिदिन
02	दुकानदारों द्वारा खुले में कचरा डालने पर	500.00 प्रतिदिन
03	रेस्टोरेन्ट मालिक द्वारा खुले में कचरा डालने पर	500.00 प्रतिदिन
04	होटल मालिक द्वारा खुले में कचरा डालने पर	1,000.00 प्रतिदिन
05	औद्योगिक प्रतिष्ठानों द्वारा खुले में कचरा डालने पर	1,500.00 प्रतिदिन
06	हलवाई, चाट, पकौड़ी, फास्ट, आईसक्रीम, गन्ने का रस एंव जूस, सब्जी एंव फ्रूट आदि ठेला व्यवसायियों द्वारा सार्वजनिक स्थान पर कूड़ा डालने पर।	500.00 प्रतिदिन
07	डेरियों मालिकों द्वारा गोबर को सार्वजनिक स्थानों पर फेंकना अथवा नाला/नाली में बहाने पर	2,000.00 प्रतिदिन
08	निजी मकान दुकान इत्यादि के निर्माण मलवा, सामग्री, ई-सीमेंट, लोहा, पत्थर सरकारी भूमि पर डालने पर	1,000.00 प्रतिदिन
09	निजी ट्रैक्टरों द्वारा बजरी, मलवा, गोबर इत्यादि परिवहन करते हुए निकाय की सड़कों पर अपनी सामग्री बिखेरने व गंदगी फैलाने पर	1,000.00 प्रतिदिन
10	बिना सक्षम स्वीकृति के रोडकटिंग करने पर तथा नाली तोड़ने की दशा में	500.00 प्रतिदिन
11	अपने मकान/भवन का सेप्टिक टैंक न हाने/सीवरेज कनेक्शन नही लेकर सीवरेज की गदगी आप नाली/नाले बहाने पर	1,000.00 प्रतिदिन
12	क्रमांक 02 से 06 तक वर्णित व्यवसायियों द्वारा अपने व्यवसाय स्थल का कचरा एकत्रित रखने के लिए निर्धारित ढक्कनदार कचरा पात्र आवश्यक क्षमता का नही रखने पर	500.00 प्रतिदिन
13	दुकानदार अथवा ठेला व्यवसायियों द्वारा सड़क पर बैठकर स्कूटर व साईकिल रिपेरिंग कर ऑयल मिटटी व पानी फैलाकर गदंगी करने पर	500.00 प्रतिदिन
14	मीट की दुकानों के सामने दुकानदार द्वारा काटे गये जानवरों की हडिडया मलवा, मलीदा, खून, मुर्गे के पंख अण्ड़ो के छिलके इत्यादि सड़क, आम रास्तों में डालकर गंदगी फैलाने पर	500.00 प्रतिदिन
15	आम रास्ता, सड़क व मकान के सामने गाय, भैस, बकरी, कुत्ते, भेड, ऊंट, गधा, घोड़ा, सुअर इत्यादी पालतू जानवरो से गंदगी फैलाने पर	200.00 प्रतिदिन
16	शादी/विवाह स्थलों का कूड़ा सार्वजनिक स्थल पर डालने पर	2,000.00 प्रतिदिन
17	सार्वजनिक स्थान, जमीन व सड़क के किनारे बैठकर सब्जिां बेचकर छिलके व अंश सड़क पर डालने व गन्दगी फैलाने पर	200.00 प्रतिदिन

1	2	3
		रु0
18	हेयर कटिंग सैलून वालों द्वारा आम रास्ता व सड़क पर गंदगी, बाल इत्यादि डालने पर	200.00 प्रतिदिन
19	दुकानदारों अथवा व्यवसायियों द्वारा आम रास्ता सड़क, अथवा दुकानों के सामने की खुली जमीन पर अतिक्रमण किया जाता है।	1,500.00 प्रतिदिन
20	आम रास्ता, सड़क, फुटपाथ, सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर भोजनालय, ढाबा, चलाकर गंदगी फैलाने पर	1,000–2,000.00 प्रतिदिन
21	प्राईवेट अस्पताल, नर्सिंग होम, क्लीनिक, दवाखाना इत्यादि द्वारा आम रास्तो, सड़क फुटपाथ पर गन्दगी डालकर गन्दगी फैलाने पर	2,500.00 प्रतिदिन
22	विभिन्न चिकित्सीय संस्थानों जैसे प्राईवेट अस्पताल, नर्सिंग होम, क्लीनिक पैथोलोजी इत्यादि के जैव चिकित्सीय अपशिष्ट को नगरीय ज़ोस अपशिष्ट में अथवा सार्वजनिक स्थान पर डालने पर	3,500.00 प्रतिदिन
23	सड़क के किनारे वॉशिग मशीन लगाकर गाड़ियों की धुलाई करने की दशा में	2,000.00 प्रतिदिन
24	खुले में शौच करने पर व सड़क के किनारे शौच करने पर	200.00 प्रतिदिन
25	व्यवसायिक प्रतिष्ठान पर डस्टबिन न रखने पर	पहली बार रु0 100.00 प्रतिदिन एंव दोबारा पाये जाने पर रु0 500.00 प्रतिदिन
26	खुले में व सड़क के किनारे पेशाब करने पर	100.00 प्रतिदिन
27	सड़क पटरी सार्वजनिक भूमि पर जनरेटर रख अतिक्रमण करने पर	100.00 प्रतिदिन
	(अ) 5 के0बी0 तक	500.00–1,000.00 प्रतिदिन
	(ब) 5 के0बी0 से ऊपर	1,000.00–2,500.00 प्रतिदिन
28	मोटर गैरिज	1,000.00–2,500.00 प्रतिदिन
29	केवल वाशिंग लाईन	500.00–1,500.00 प्रतिदिन

13. उपविधियों का उल्लंघन करने पर स्थल पर जुर्माना/केयरिंग चार्ज लगाने का अधिकार अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी या उनके द्वारा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा किया जायेगा।

14. अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी को यह अधिकार होगा कि प्रत्येक 05 वर्ष में केयरिंग/यूजर का पुनरीक्षण करायेगें अपरिहार्य परिस्थितियों में यदि चार्ज का पुनरीक्षण न हो सका तो 05 वर्ष में निर्धारित चार्ज में 10 प्रतिशत की वृद्वि करते हुए चार्ज वसूलना सुनिश्चित करायेगें।

सचिन कुमार,
अध्यक्ष,
नगर पंचायत,
बहसूमा (मेरठ)।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मेसर्स कोमल कांस्ट्रक्सन्स 1/76 विशाल खण्ड गोमती नगर लखनऊ उ0प्र0 में है। फर्म उपरोक्त में नं0 1 कीर्ति पत्नी ओम प्रकाश नं0-2 उग्रसेन सिंह पुत्र उदय भान सिंह थे। दिनांक 02 दिसम्बर, 2023 को साझेदारी के अनुसार उग्रसेन सिंह पुत्र उदय भान सिंह पृथक हुए है। दिनांक 02 दिसम्बर, 2023 को फर्म रेखा देवी पत्नी राम नरेश भारती सम्मिलित हुई हैं। अब वर्तमान में मेसर्स कोमल कान्स्ट्रक्सन्स में 1-कीर्ति 2-रेखा देवी साझेदारी के रूप में है। शेष कारोबार यथावत है।

कीर्ति
साझेदार
कीर्ति, मेसर्स, कोमल कान्स्ट्रक्सन्स

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा सही नाम Devendra Kumar, मेरी पत्नी का सही नाम Rekha Rani, तथा मेरे पुत्र का सही नाम Aishwar Singh है। यही नाम हम लोगों के आधार कार्ड, पेन कार्ड तथा अन्य अभिलेखों में अंकित है। त्रुटिवश मेरे पुत्र के दसवी बोर्ड के सह अंक प्रमाण-पत्र Roll N0-23193779/2023 में मेरा नाम Devendra Kumar Narolia मेरी पत्नी का नाम Rekha Narolia तथा मेरे पुत्र का नाम Aishwar Singh Narolia अंकित हो गया है, जो कि गलत है।

Devendra Kumar,
196/13A, Laxmi Puram Colony
Jhansi (U.P.)

सूचना

सूचित किया जाता है कि फर्म-मै0 तिरुपति आसईंग एण्ड हालमार्किंग सेन्टर, शॉप नम्बर 1,2,3, फर्स्ट फ्लोर, प्रेमशंकर गुड्डू मार्केट, 214 आलमगिरीगंज, बरेली उ0प्र0 पिनकोड 243001 (पंजीकरण संख्या :BAR/0002132) फर्म में 2 साझेदार-राकेश कुमार रस्तोगी, श्रीमती वाणी गुप्ता थे। दिनांक 05 अगस्त, 2023 को साझेदारों की रजामन्दी से एक साझेदार विकास रस्तोगी को शामिल किया तथा एक साझेदार राकेश कुमार रस्तोगी दिनांक 05 अगस्त, 2023 को अवकाश ग्रहण करके फर्म से अलग हो गये। अवकाश ग्रहण साझेदार का सारा हिसाब-किताब चुकता हो गया है, साझेदार या फर्म का कोई लेन-देन बकाया नहीं है। अब फर्म में 2 साझेदार-विकास रस्तोगी, श्रीमती वाणी गुप्ता है। फर्म में एवं साझेदारों में कोई विवाद नही है। एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकतायें मेरे द्वारा पूरी कर ली गयी है।

विकास रस्तोगी,
साझेदार
मै0 तिरुपति आसईंग एण्ड हालमार्किंग सेन्टर,
बरेली उ0प्र0।

सूचना

''मै फत्ता देवी पत्नी गिरिजा शंकर त्रिपाठी निवासिनी ग्राम एवं पोस्ट नीबी कला झूँसी, प्रयागराज, सर्वसाधारण को सूचित करती हूं कि मेरा वास्तविक नाम फत्ता देवी है किन्तु एल0आई0सी0 की पालिसी सं0 311834415 में मेरा नाम सुशीला देवी अंकित हो गया है, जो कि घरेलू है जबकि आधार कार्ड, पैन कार्ड में मेरा नाम फत्ता देवी है। सुशीला देवी और फत्ता देवी दोनों नाम एक ही महिला के हैं''।

फत्ता देवी।

सूचना

एत्त द्वारा सूचित किया जाता है कि मेसर्स-डी0 एन0 एसोसिएट्स, 8, सुगनामल मार्केट, 39 अमीनाबाद जिला लखनऊ से पंजीकृत है फर्म में दो साझेदार क्रमशः श्री दीपक मनचन्दा पुत्र श्री मदन लाल एवं श्रीमती चंचल मनचन्दा पत्नी श्री मदन लाल मनचन्दा जिसमें दिनांक 17 फरवरी, 2016 से फर्म की साझेदारी में 03 नये साझेदार क्रमशः श्रीमती वन्दना मनचन्दा पुत्री श्री एच0 एल0 मल्होत्रा श्रीमती मोनिका मनचन्दा पुत्री श्री बी0एल0 कालरो एवं श्री सन्दीप मनचन्दा पुत्र श्री एम0 एल0 मनचन्दा शामिल हो गये है। वर्तमान में श्री दीपक मनचन्दा, श्रीमती चंचल मनचन्दा, श्रीमती वन्दना मनचन्दा, श्रीमती मोनिका मनचन्दा एवं श्री सन्दीप मनचन्दा साझेदार है।

दीपक मनचन्दा,
साझेदार,
डी0एन0 एसोसिएट्स,
जिला लखनऊ।

सूचना

एत्तद्वारा सूचित किया जाता है कि मेसर्स-एम0एस0 फूड प्रोडक्टस, खुटार रोड, गोला गोकरननाथ, जिला लखीमपुर खीरी की साझेदारी फर्म 1932 साझेदारी अधिनियम के अन्तर्गत लखनऊ से पंजीकृत है फर्म में अभी तक तीन साझेदार क्रमशः आयुष अग्रवाल पुत्र श्री खेम चन्द अग्रवाल, श्रीमती कुसुम अग्रवाल पत्नी श्री घनश्याम दास अग्रवाल, श्री रजत अग्रवाल पुत्र श्री सुभाष चन्द्र अग्रवाल थे जिसमें दिनांक 01 अप्रैल, 2021 से श्रीमती कुसुम अग्रवाल पत्नी श्री घनश्याम दास अग्रवाल श्री रजत अग्रवाल पुत्र श्री सुभाष चन्द्र अग्रवाल फर्म से रिटायर हो गये है तथा इसी तिथी से दो नये साझेदार क्रमशः श्री खेम चन्द्र अग्रवाल पुत्र स्व0 मूल चन्द अग्रवाल, श्री मुदित अग्रवाल पुत्र श्री खेम चन्द्र अग्रवाल, शामिल हो गये है। वर्तमान में फर्म में तीन साझेदार क्रमशः श्री आयुष अग्रवाल, श्री खेम चन्द्र अग्रवाल एवं श्री मुदित अग्रवाल साझेदार है। जिसकी सूचना दी जा रही हैं।

आयुष अग्रवाल,
साझेदार
एम0एस0 फूड प्रोडक्टस,
जिला लखीमपुर खीरी।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थिनी कि फर्म मैसर्स जगदम्बा फॉरवर्डिग एजेन्सी पता देवचरा बरेली उत्तर प्रदेश-243401 जिसकी पंजीकरण सं0- B-13784 है, यह उपरोक्त फर्म दिनांक 30 जुलाई, 2020 से निरन्तर सुचारू रूप से कार्य कर रही है, उपरोक्त फर्म से दो साझेदार अमित कुमार गुप्ता व पवन कुमार चौधरी दिनांक 06 नवम्बर, 2023 को स्वेच्छा से सेवानिवृत्त /रिटायर हो रहे है तथा उनके स्थान पर एक नया साझेदार सचिन गुप्ता पुत्र श्री सुभाष चन्द्र गुप्ता निवासी देवचरा, बदायूँ रोड़ नियर टेलिफोन एक्सचेंज बरेली उ0प्र0 243401 दिनांक 06 नवम्बर, 2023 से स्वेच्छा से सम्मिलित हो रहा है। उपरोक्त फर्म में वर्तमान में कुल दो साझेदार क्रमशः श्रीमती श्वेता गुप्ता व सचिन गुप्ता साझोदार है।

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त साझेदारी के संशोधन के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकतायें मेरे द्वारा पूर्ण कर ली गई है।

श्वेता गुप्ता,
साझेदार

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैसर्स माँ भगवती किसान सेवा केन्द्र पता ग्राम पुरनापुर पोस्ट बालीपुर जिला बरेली उत्तर प्रदेश 243123 जिसकी पंजीकरण सं0-BUD/0009448 है, यह उपरोक्त फर्म दिनांक 25 अगस्त, 2023 से निरन्तर सुचारू रूप से कार्य कर रही है, उपरोक्त फर्म में एक नया साझेदार मयंक कुमार सिंह पुत्र श्री उत्तम राम सिंह पता सी-14 एकता नगर चाचा नेहरू पार्क के पास बरेली दिनांक 01 नवम्बर, 2023 को स्वेच्छा से व अन्य साझेदारों की सहमति से सम्मिलित हो गया है, उपरोक्त फर्म में वर्तमान में कुल तीन साझेदार क्रमशः श्री प्रदीप कुमार, अवधेश कुमार, मयंक कुमार सिंह है।

अवधेश कुमार,
साझेदार

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पैन कार्ड और आधार कार्ड एवं शैक्षिक अभिलेख के अनुसार मेरा सही नाम मनीष प्रकाश पुत्र डा0 ओम प्रकाश गुप्ता है। त्रुटिवश मेरे बैंक खाते संख्या 1437399102 सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा सिविल लाइन प्रयागराज में मनीष गुप्ता अंकित हो गया है। मेरा सही नाम मनीष प्रकाश है। मुझे मनीष प्रकाश के नाम से जाना एवं पहचाना जाये।

मनीष प्रकाश,
पुत्र–डा0 ओमप्रकाश गुप्ता,
R/o. 17/19 कस्तुरबा गांधी मार्ग,
प्रयागराज–211002

NOTICE

My name wrongly written Devender Kumar Verma in my army service record when right name Devendra Kumar Verma S/o Hanuman Prasad Verma, Vill-Pure Rajaram, Dehli, Maharajganj, Raebareli.

Devendra Kumar Verma.

पी0एस0यू0पी0–39 हिन्दी गजट–भाग 8–2023 ई0।
मुद्रक एवं प्रकाशक–निदेशक, मुद्रण एवं लेखन-सामग्री, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।